Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 6:25 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 6:12 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 244 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 22 मार्च 2024



शाहरुख के ब्लॉकबस्टर जवान...पेज-3 पर

News कॉर्नर

## धोखाधड़ी करने वाले दंपत्ति के खिलाफ मुकदमा

**हल्द्वानी।** पुलिस ने गैंग बनाकर धोखाधड़ी करने वाले दंपत्ति के खिलाफ गिरोह बंद अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया है। मुखानी थाना पुलिस के अनुसार शेखर चन्द्र पाण्डे पुत्र गणेश दत्त पाण्डे निवासी छड़ायल नयाबाद और उसकी पत्नी तनुजा पाण्डे का एक सुसंगठित गिरोह है। इस गिरोह का मुख्य लीडर शेखर पाण्डे है और सदस्य तनूजा पाण्डे है। यह गैंग थाना क्षेत्रान्तर्गत एक ही जमीन की रजिस्ट्री एक से अधिक व्यक्तियों को कर धनोपार्जन कर आर्थिक लाभ अर्जित कर रहे हैं। इनके विरूद्ध थाना मुखानी पर जमीन से सम्बन्धित धोखाधड़ी करने के संयुक्त रूप से कई अभियोग पंजीकृत हैं। यह दोनों दण्डनीय अपराध कर रहे हैं। जो भारतीय दण्ड संहिता के अध्याय 16, 17 व 22 के अधीन अपराध करने के आदि है। इस पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ गिरोह बंद अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत मामले में चालक के खिलाफ मुकदमा

**हल्द्वानी।** सड़क हादसे में युवक की मौत मामले में आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस को सौंपी तहरीर में पिंकी कश्यप पत्नी नन्द किशोर निवासी रामपुर रोड अग्रसेन भवन ने कहा है कि बीती 7 मार्च को उसके पुत्र आर्यन कश्यप और उसका दोस्त बाइक में सवार होकर जा रहे थे कि तभी नैनीताल रोड में एमबीपीजी कॉलेज के पास बाइक संख्या ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें उसका पुत्र आर्यन बुरी तरह घायल हो गया। उसे अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# द्वार खड़े हैं कान्हा बता दो जरा राधा को होली खेलन आए कान्हा

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

प्रांतीय उधोग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की महिला सचिव गीता कांडपाल के जज फार्म स्थित आवास पर महिलाएं होली गीतों पर जमकर झूमीं। होली मिलन समारोह की शुरुआत गणेश वंदना के साथ हुई। इस क्रम में प्रमिला पांडे ने द्वार खड़े हैं कान्हा बता दो जरा राधा को होली खेलन आए कान्हा, बता दो जरा राधा को, गीता उप्रेती ने ओ कान्हा जिद न करो, हमारे कान्हा जिद न करो, मेरो नैनो में उड़त गुलाल कान्हा, ओ कान्हा जिद न करो, तारा बिष्ट आज आही रही है होली, शेरा वाली के भवन, जोता वाली के भवन, प्रीति



जोशी ने बाबा नंद के द्वार, मची है होली, बाबा नंद के जैसे होली गीतों से समां बांध दिया। यहां गीता कांडपाल, हेमा बोरा, मंजू रावत, ममता कांडपाल, ममता जोशी, लता पंत, तारा बिष्ट, ऊषा पंत, किरन बिष्ट, कमला रौतेला, प्रमिला पांडे, गीता उप्रेती, प्रीति जोशी, राधा विश्नोई, पूनम जोशी, पिंकी शुक्ला, सुनीता जोशी, कमला भट्ट, पूजा विश्नोई आदि महिलाएं मौजूद थीं।



## अल्मोड़ा में होली की धूम, खूब थिरके होल्यार

**अल्मोड़ा।** रंगभरी एकादशी पर रंग पड़ने और चीर बंधन के साथ जिले में खड़ी होली का आगाज हुआ है। जगह-जगह चीर बंधन हुआ और जमकर गुलाल उड़ा। होल्यारों ने सिद्धि को दाता विघ्न विनाशन होली खेले गिरजापति नंदन..., कैली बांधी चीर हो रघुनंदन राजा शिवजी ने बांधी चीर ब्रह्मा ने बांधी, विष्णु ने बांधी... होली गायन के साथ खड़ी होली की विधिवत शुरुआत हुई।

बंगाल के करोड़ों रुपये के स्कूल भर्ती घोटाले का है मामला

# बंगाल सरकार के मंत्री सिन्हा के ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी

**पश्चिम बंगाल**

**एजेंसी**

ईडी के अधिकारी अर्द्धसैनिक बल के जवानों के साथ छापेमारी करने पहुंचे। जवानों ने चंद्रनाथ सिन्हा के ठिकानों की घेराबंदी की और ईडी के अधिकारी अंदर जांच कर रहे हैं।

ईडी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल सरकार के मंत्री और टीएमसी नेता चंद्रनाथ सिन्हा के ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी की टीम ने बंगाल के बीरभूम जिले के बोलपुर में यह कार्रवाई की। ईडी के अधिकारी अर्द्धसैनिक बल के जवानों के साथ छापेमारी करने पहुंचे। जवानों ने चंद्रनाथ सिन्हा के ठिकानों की घेराबंदी की और ईडी के अधिकारी अंदर जांच कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ईडी की छापेमारी बंगाल के करोड़ों रुपये के स्कूल भर्ती घोटाला मामले में हुई है। ईडी ने इस मामले में बंगाल में पांच जगहों पर छापेमारी की, जिनमें चंद्रनाथ सिन्हा का घर भी शामिल है।



चंद्रनाथ सिन्हा, बंगाल की टीएमसी सरकार में एमएसएमई और कपड़ा मंत्री हैं। आरोप है कि बंगाल में पैसे लेकर सरकारी स्कूलों में बड़े पैमाने पर नियुक्तियां की गईं। आरोपों के बाद सीबीआई ने इसका जांच की तो इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग होने का खुलासा हुआ। इसके बाद ईडी इस मामले की जांच से जुड़ गई। पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी समेत टीएमसी के तीन विधायकों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। स्कूल भर्ती घोटाले में ही टीएमसी सांसद और सीएम ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी से पूछताछ हुई थी।

# तेज रफ्तार रोडवेज बस ने छात्रों को रौंदा, तीनों की मौत

**कानपुर**

**एजेंसी**

घाटमपुर में तेज रफ्तार बस ने साइकिल सवार छात्रों का रौंद डाला। हादसे में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

कानपुर के घाटमपुर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार रोडवेज बस ने साइकिल सवार छात्रों को टक्कर मार दी। इसके बाद खाई में पलट गई। हादसे में तीनों छात्रों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

साथ ही, परिजनों को भी सूचित किया गया है। जानकारी के अनुसार, पतारा में स्टेशन रोड के सामने साइकिल से जा रहे तीन छात्रों को रोडवेज बस ने कुचल दिया है। हादसे में तीनो की मौत हो गई और बस खाई में जा घुसी। मृतकों में अंकुश प्रजापति, दीपक तिवारी और मनीष कुमार शामिल हैं, जिनकी पहचान उनके पास मिले पहचान पत्र से हुई है।

### क्रेन की मदद से बस को सीधा किया गया

पुलिस ने बताया कि तीनों हमीरपुर के भरुआसुमेर स्थित पॉलिटेक्निक के छात्र थे। प्रतिदिन स्टेशन में साइकिल खड़ी कर ट्रेन से कॉलेज जाते थे। क्रेन की मदद से पलटी बस को सीधा किया गया है। वहीं, हादसे की सूचना पर घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई है। मृतकों के परिजन पहुंच रहे हैं।



# केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट से वापस ली अर्जी, गिरफ्तारी के खिलाफ दी थी याचिका

**नई दिल्ली**

**एजेंसी**

दिल्ली के मुख्यमंत्री की ईडी द्वारा गिरफ्तारी को लेकर अभिषेक मनु सिंघवी ने सीजेआई के घर जाकर उनसे इस मामले की सुनवाई की मांग की थी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ईडी को गिरफ्तारी को लेकर सुप्रीम कोर्ट में डाली गई याचिका को वापस ले लिया है। बताया गया है कि कोर्ट ने पहले इस मामले में सुनवाई के लिए हामी भर दी थी। इसके लिए चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने इस मामले की सुनवाई के लिए जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच को मामला सौंपा था। हालांकि, दिल्ली सीएम के अब इस मामले में निचली अदालत में जाने की



बात सामने आ रही है। इससे पहले केजरीवाल की तरफ से सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने के बाद ईडी ने भी सर्वोच्च न्यायालय में एक कैविएट दाखिल की थी। इसमें एजेंसी ने मांग की थी कि केजरीवाल की गिरफ्तारी के केस में उसकी बात भी सुनी जाए।

# आजम खां से सीतापुर जेल में मिलने पहुंचे अखिलेश यादव

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव सीतापुर जेल में बंद आजम खां से मिलने के लिए पहुंचे हैं। दोनों के बीच मुलाकात के लिए एक घंटे का समय निर्धारित किया गया है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव शुक्रवार को जिला कारागार पहुंचे हैं। वह यहां सजायाफ्ता आजम खां से मुलाकात करेंगे। जेल प्रशासन के मुताबिक करीब एक घण्टे की मुलाकात का वक्त निर्धारित किया गया है।

इस मुलाकात के बाद अखिलेश यादव रामपुर लोकसभा सीट से टिकट की घोषणा भी कर सकते हैं। आपको बता दें कि जबसे दूसरी बार आजम खां यहां निरुद्ध किये गए हैं तबसे लेकर अभी तक



अखिलेश यादव की जेल में यह पहली मुलाकात है।

इस मुलाकात के सियासी मायने बेहद अहम हैं। अखिलेश यादव के साथ धौरहरा लोकसभा सीट से प्रत्याशी आनंद भदौरिया, राष्ट्रीय सचिव अनूप गुप्ता, हरगोविंद वर्मा, अनिल वर्मा, राजा ठाकुर व अन्य नेता जेल के अंदर गए हैं।

**मुलाकात**

- एक घंटे का समय दिया गया

# प्रदेशभर में चढ़ने लगा होली का खुमार

नैनीताल

हमारे संवाददाता




श्रमजीवी पत्रकार यूनियन द्वारा आज हल्द्वानी के मधुवन बैंकेट हॉल में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत, विधायक सुमित हृदयेश, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, सिटी मजिस्ट्रेट ए पी बाजपेयी, एसडीएम परितोष वर्मा, तहसीलदार सचिन कुमार, कांग्रेस नेता ललित जोशी, व्यापार मंडल अध्यक्ष योगेश शर्मा, भाजपा नेता प्रमोद तोलिया, सहित कई लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चंद्र शास्त्री और प्रदेश महामंत्री विश्वजीत नेगी ने शिरकत की।

लोक गायिका खुशी जोशी और गोविंद दिगारी ने होली के गीत गाकर कार्यक्रम में समा बांध दिया। होली के गीत पर पत्रकारों के साथ ही राजनेता भी जमकर थिरकते नजर आए, सबने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। श्रमजीवी पत्रकार यूनियन द्वारा हर साल होली का आयोजन किया जाता है। इस दौरान महिलाओं के ग्रुप ने बैठकी होली भी गाई, श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा ने कहा कि होली रंगों का त्यौहार है और हम सभी को रंगों के त्योहार होली को आपसी भाईचारे के साथ मनाना चाहिए। इस दौरान जिला महामंत्री भूपेंद्र रावत, प्रदेश उपाध्यक्ष तारा चंद जोशी, गणेश जोशी, गोविंद सनवाल, मनोज आर्या, हर्ष रावत, दीपक अधिकारी, डॉ ए एन तिवारी, गोविंद बिष्ट, पुष्कर अधिकारी, हरीश पांडे, भावनाथ पंडित, विजय पाल, विनोद कुमार, राहुल सिंह दरमवाल, अंशुल डांगी समीर बिसारिया, गुड्डू रजवार सहित कई पत्रकार मौजूद रहे।



## होलियारों ने जबरदस्त राग गाकर लूटी महफिल

ऊधमसिंह नगर में बीते दिवस बैठकी होली का आयोजन किया गया। जिसमें कुमाऊं के प्रसिद्ध होल्यारों ने विभिन्न रागों पर आधारित होलियां गाकर समां बांध दिया। जिसमें कुमाऊं के प्रसिद्ध होल्यारों ने विभिन्न रागों पर आधारित होलियां गाकर समां बांध दिया। हंसी ठिठोली के बीच रातभर होली गीतों पर लोग पिछोड़ा ओढ़े भी झूमते रहे।

## लोकसभा चुनाव को लेकर सभी को मार्गदर्शन दिया

नैनीताल । भाजपा शक्ति केंद्र नैनीताल क्लब की बूथ समिति की बैठक शक्ति केंद्र संयोजक मीनू बुधलाकोटी की अध्यक्षता में आहूत की गई। जिसमें मुख्य वक्ता रीना मेहरा ने लोकसभा चुनाव को लेकर सभी को मार्गदर्शन दिया। इस मौके पर बूथ अध्यक्ष एवं बूथ समिति के सदस्यों को चुनाव हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में वरिष्ठ भाजपा विमला अधिकारी, नैनिताल क्लब शक्ति केंद्र प्रभारी रोहित भाटिया,बूथ संख्या 88 के अध्यक्ष प्रकाश नौटियाल, बूथ संख्या 89 के अध्यक्ष मोहित जोशी, बूथ संख्या 90 के अध्यक्ष संजय कुमार, बूथ संख्या 91 की अध्यक्ष मधु बिष्ट तथा बूथ संख्या 92 के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बिष्ट उपस्थित थे। बैठक में मंडल अध्यक्ष आनन्द सिंह बिष्ट,उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह बिष्ट,मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह रावत, मंडल मंत्री संजय चंदेल, सोशल मीडिया प्रभारी अरुण कुमार,शैलेंद्र सिंह बिष्ट, गंगा सिंह बिष्ट,चंदन शर्मा तथा सुरेश आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# छात्राओं दे रही राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के तहत नई-नई गतिविधियां

नैनीताल

हमारे संवाददाता

अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कॉलेज नैनीताल की छात्राओं के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के तहत प्रतिदिन नई-नई गतिविधियां की जा रही है।

छात्राओं ने गुरुवार को साइबर क्राइम के ऊपर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया । जिसमें दिखाया गया कि किस तरह से आज समाज इसकी गिरफ्त में जकड चुका है, हमें इसके अनावश्यक उपयोग से बचना चाहिए। बौद्धिक सत्र में छात्राओं को आर्ट ऑफ लिविंग से जुड़ी ज्योति मेहरा के द्वारा अनुलोम विलोम व भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कराया गया।

मेहरा ने स्वयंसेवियों को विभिन्न शारीरिक गतिविधिया भी कराई। सभी स्वयंसेवियों ने बढ़ चढ़कर गतिविधियों में प्रतिभाग किया। छात्राओं के द्वारा सरस्वती वंदना समेत पहाड़ी लोक नृत्य व नाटक प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर श्रीमती मेहरा समेत सुनीता, प्रेमा फर्त्याल, दया पंत, उमा जोशी व रमा कजरी सहित स्कूल की छात्राएं मौजूद थी।

# सैनिक स्कूल घोड़ाखाल ने 59 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सैनिक स्कूल घोड़ाखाल ने अपना 59 वां स्थापना दिवस गुरुवार को धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य ग्रुप कैप्टन वी एस डंगवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कैडेटों का उत्साह बढाते हुए प्रधानचार्य डंगवाल ने कहा कि 1966 में स्थापित सैनिक स्कूल अपने अनुशासन और विशिष्टता के लिये जाना जाता है कहा कि विद्यालय सदा देश सेवा के प्रति समर्पित रहा है, इससे पहले दीप प्रज्वलन कर सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। यहां लघु फिल्म के माध्यम से विद्यालय की उपलब्धियों और समृद्ध इतिहास को प्रदर्शित किया गया। कैडेटों के साथ केक सेरेमनी का आयोजन किया गया । विद्यालय के प्रधानाचार्य ने शिक्षकों कर्मचारियों को उनके कर्तव्य व समर्पण के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।



## NEWS / फटाफट

### पालिका प्रशासन ने मीट की दुकानों का निरीक्षण किया

नैनीताल। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद के निर्देश पर पालिका प्रशासन की टीम ने गुरुवार को तल्लीताल क्षेत्र भैंस स्टॉल एवं चिकन मटन की शॉप की दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गन्दगी एवं पोलोथिन मिलने पर 7 लोगो के ऊपर चलानी कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल आर्थिक दंड 8000 रुपया वसूला गया एवं भविष्य में ऐसा न करने की सख्त हिदायत दी गई। इस दौरान कर अधीक्षक सुनील खोलिया समेत सफ ई निरीक्षक हिमांशु चंद्रा के साथ ही स्लाटर हाउस मुंशी गोपाल सिंह नेगी, अंकित बिष्ट, दीपराज व पीयूष भंडारी, कंचन चन्द्र तथा सनी सेलवालए आदि मौजूद

### छात्राओं को कानूनी जानकारी दी

नैनीताल। तल्लीताल थाना पुलिस ने जीजीआईसी स्कूल में छात्राओं को कानूनी जानकारी दी, साथ ही सोशल मीडिया के उपयोग में क्या क्या सावधानियां बरतनी हैं इसकी जानकारी दी। एसओ रमेश सिंह बोरा ने छात्राओं को बताया कि दिन प्रति दिन महिला संबंधी अपराध बढ़ रहे हैं। एसे समय में छात्राओं को सतर्क रहने की जरूरत है। बताया कि बहुत सोच समझ कर सोशल मीडिया का संचालन करें। कहा कि अज्ञात व्यक्तियों से वार्ता करने से बचें। इसी के साथ छात्राओं को साईबर ठगी की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति की ओर से भेजे गए लिंक पर क्लिक न करें। किसी भी प्रकार की ठगी होने पर पुलिस को जानकारी जरूर दें। इस दौरान छात्राओं ने पुलिस से कई सवाल किए जिनका पुलिस की ओर से जवाब दिया गया।

### पुलिस ने की शस्त्र जमा करने की अपील

नैनीताल । आदर्श आचार संहिता प्रभावी होते ही पुलिस इसके अनुपालन में जुट गई है। कोतवाली पुलिस की ओर से शस्त्र जमा करने के लिए लोगों से अपील की जा रही है। कोतवाली पुलिस 65 शस्त्र जमा करवा चुकी है। एसएसआई पीएस मेहरा ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र में 302 असलहा लाइसेंस पंजीकृत है। जिसमें से 65 लोग शस्त्र कोतवाली में जमा करा चुके है। उन्होंने शस्त्र स्वामियों से समय रहते कोतवाली में शस्त्र जमा कराने की अपील की है।

### मौसम ने बदली करवट, पर्यटकों ने किया दुश्वारियों का सामना

नैनीताल। कई दिनों के बाद तक सामान्य रहने के बाद सरोवर नगरी नैनीताल में गुरुवार को मौसम ने अचानक करवट बदल ली, जिसके चलते नगर के वाशिंदों के साथ ही देश के विभिन्न शहरों से पहुंचे पर्यटकों को भी दुश्वारियों का सामना करना पड़ा। बता दें नगर में बीते एक पखवाड़े से मौसम सामान्य बना था लेकिन गुरुवार को मौसम का मिजाज बदल गया, जिसके चलते नगर में सुबह से लेकर शाम तक आसमान बादलों से घिरा रहा इतना ही नहीं पहाड़ियों से उठा कोहरा भी नगर में प्रवेश कर गया। बता दें नगर में इन दिनों होली का माहौल चल रहा है विभिन्न संस्थाओं की ओर से कई प्रतियोगिताएं भी करायी जा रही हैं लेकिन मौसम के बदले मिजाज की वजह से प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। भारतीय शहीद सैनिक स्कूल के मौसम विज्ञान केंद्र के प्रभारी प्रवीण सती ने बताया कि शाम को 6 बजे केंद्र में नगर का अधिकतम तापमान 16.8 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### चार पेटी अवैध शराब के संग एक को पुलिस ने धरा



धारी। लोकसभा चुनावों के मद्देनजर पुलिस ने शराब तस्करों पर शिकंजा कसा हुआ है। मुक्तेश्वर थानाध्यक्ष कमित जोशी के नेतृत्व में धानाचूली पुलिस चौकी प्रभारी विजय कुमार ने धारी क्षेत्र के मनाघेर के पास सर्वेश कुमार(46)पुत्र मैकू लाल निवासी, हरिपुर सिद्धार्थ, अर्जुनपुर ,हल्द्वानी को एक झोपड़ी की आड़ में शराब बेचते पाया। तलाशी के दौरान उक्त व्यक्ति से 192 पव्वे यानी 4 पेटी देशी शराब बरामद हुई। अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। -संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# स्व0 एनके आर्या मेमोरियल क्रिकेट कप प्रतियोगिता में तीन प्री क्वार्टर मुकाबले खेले

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के डीएसए मैदान में चल रही स्वर्गीय एन के आर्या मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित एवं केनरा बैंक नैनीताल द्वारा प्रायोजित स्व एन के आर्या मेमोरियल क्रिकेट कप प्रतियोगिता में गुरवार को तीन प्री क्वार्टर मुकाबले खेले गए ।

पहला मुकाबला नैनीताल जॉइंट्स एवं आर वाई सी के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नैनीताल जॉइंट्स की टीम ने 124 रनों का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करते हुए आरवाईसी की टीम 58 रनों पर सिमट गई।

दूसरा मुकाबला शीला माउंट एवं न्यू चैलेंजर के मध्य खेला गया पहले बल्लेबाजी करते हुए शीला माउंट की टीम ने 129 रन बनाए। अंतिम गेंद तक हुए इस रोमांचक मुकाबले में न्यू चैलेंजर ने तीन विकेट से जीत दर्ज की। तीसरा मुकाबला नैनी माउंट अचीवर्स भवाली एवं गैलेक्सी स्पोर्ट्स क्लब के मध्य खेला गया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए नैनी माउंट अचीवर्स की टीम ने 126 रनों का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करते हुए गैलेक्सी नैनीताल ने 6 विकेट से मैच में जीत दर्ज की। अंपायर मोहित रौतेला, सौरभ रावत, विवेक बिष्ट, तरुण नेगी तथा विमल बृजवासी रहे। स्कोरर मोहित बिष्ट एवं अभिषेक आर्या रहे।

इस दौरान मोहित आर्या, हरीश राणा, मोहित साह, शशांक कपकोटी, मुकेश कुमार, प्रमोद कुमार, गोपाल गैड़ा, कैलाश आर्या तथा मोहित साह उपस्थित रहे।



# अभिमत

## भरोसा तोड़ा

*शीर्ष अदालत के इन कठोर शब्दों के बाद हरक सिंह रावत और पूर्व प्रभागीय वन अधिकारी किशन चंद को सजा मिलना तय माना जा रहा है। न्यायमूर्तियों की पीठ ने कहा कि हम इस मामले में पूर्व मंत्री का दुस्साहस देख चकित रह गये। वैधानिक प्रावधानों को ताक पर रख देने और खुद को कानून मान लेना नेताओं और नौकरशाहों की मिलीभगत का उदाहरण है। शीर्ष अदालत की फटकार के बाद अन्य नेताओं व अधिकारियों को भी सबक लेने की जरूरत है। न्यायिक पीठ ने जंगल और वन्यजीवों के महत्व पर भी प्रकाश डाला है। जंगल के बिना बाघ खत्म हो जाता है और बाघों के बिना जंगल खत्म हो जाता है।*

उत्तराखंड के जिम कार्बेट टाइगर रिजर्व पार्क में हजारों पेड़ काटकर सफारी जोन बनाने के मामले में तत्कालीन वन मंत्री हरक सिंह रावत और वन अधिकारी पर कड़ी टिप्पणी करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह ऐसा मामला है जो दिखाता है कि कैसे नेताओं और नौकरशाहों ने लोगों के भरोसे को तोड़ कर कूड़ेदान में फेंक दिया है। शीर्ष अदालत के इन कठोर शब्दों के बाद हरक सिंह रावत और पूर्व प्रभागीय वन अधिकारी किशन चंद को सजा मिलना तय माना जा रहा है। न्यायमूर्तियों की पीठ ने कहा कि हम इस मामले में पूर्व मंत्री का दुस्साहस देख चकित रह गये। वैधानिक प्रावधानों को ताक पर रख देने और खुद को कानून मान लेना नेताओं और नौकरशाहों की मिलीभगत का उदाहरण है। शीर्ष अदालत की फटकार के बाद अन्य नेताओं व अधिकारियों को भी सबक लेने की जरूरत है। न्यायिक पीठ ने जंगल और वन्यजीवों के महत्व पर भी प्रकाश डाला है। जंगल के बिना बाघ खत्म हो जाता है और बाघों के बिना जंगल खत्म हो जाता है। इसलिए बाघ को जंगल की रक्षा करनी चाहिए और जंगल को अपने सभी बाघों की रक्षा करनी चाहिए। जंगल में बाघ की उपस्थिति पारिस्थितिकी तंत्र की भलाई का सूचक है। शीर्ष अदालत ने जिम कार्बेट पार्क में अवैध तरीके से पेड़ काटने के मामले से आगे जाकर जल, जंगल, जमीन और वन्यजीव की अहमियत, पर्यावरण संरक्षण, हिमालय को बचाने पर वैज्ञानिक दृष्टि से भी प्रकाश डाला है। दरअसल हरक सिंह रावत दलबदलू, मनमाने तरीके से काम करने और मीडिया में छाये रहने वाले नेता हैं। पिछले एक साल से लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट की दावेदारी कर रहे थे। प्रवर्तन निदेशालय के छापे पड़ने पर हरक सिंह रावत बयानबाजी कम करने लगे। चुनाव में टिकट की दावेदारी करना छोड़ दिया। अब शीर्ष अदालत की फटकार के बाद हरक सिंह रावत के राजनीतिक भविष्य के लिए संकट उत्पन्न हो गया है। कथित विकास के नाम पर पेड़ काटकर विनाश किया जा रहा है। सड़क चौड़ी करने के लिए पेड़ काटने और पहाड़ को विस्फोट से उड़ाने से भी पर्यावरण को क्षति पहुंच रही है। रेल व सड़क मार्ग के लिए सुरंग बनाने के लिए पहाड़ को खोखला किया जा रहा है। उत्तराखंड में बनी सभी सरकारों के कार्यकाल में विकास के नाम पर प्राकृतिक संसाधनों का विनाश किया गया है। नेताओं से मिलकर नौकरशाह मनमानी करते हैं। नियम विरुद्ध काम करने के लिए नेता दलबदल कर सरकार में शामिल हो जाते हैं। सत्तापक्ष में होने के नाते उनके खिलाफ ईमानदार अधिकारी और जांच एजेंसी भी कदम नहीं उठाती हैं। हरक सिंह रावत कांग्रेस व भाजपा दोनों के शासनकाल में मंत्री रहे। किन्हीं कारणों से अब सत्ता में नहीं हैं तो उनके खिलाफ जांच हो रही है और मामला अदालत तक पहुंचा है।

# स्कूली बच्चों की होली प्रतियोगिता का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



श्री राम सेवक सभा द्वारा आयोजित 28वां फ ागोत्सव कार्यक्रम के तहत गुरुवार को उत्तराखंड शिक्षा भारतीय सोसायटी द्वारा प्रायोजित स्वर्गीय नवीन चंद्र साह की स्मृति में स्कूली बच्चों की होली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

बता दें कि प्रतियोगिता में क्रमशः मोहनलाल साह बाल विद्या मंदिर, भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय, सेंट जॉन्स पब्लिक स्कूल, राजकीय प्राथमिक विद्यालय मल्लीताल, जुबली हॉल मल्लीताल, राष्ट्रीय शहीद सैनिक विद्यालय निशांत, सीआरएसटी, नैनी पब्लिक स्कूल तथा नरेन्द्र अजय साह जगाती विद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर ने प्रथम, भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय ने द्वितीय जबकि सेंट जॉन्स पब्लिक स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि राष्ट्रीय शहीद सैनिक विद्यालय निशांत को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। निर्णायक बृजमोहन जोशी एवं हेमा जोशी रहे। एसडीएम एवं पालिका के अधिशाषी अधिकारी (आईएएस) राहुल आनंद ने विजेता टीमों को पुरूस्कार वितरित किए।

कार्यक्रम के पश्चात सभा भवन में संस्था के आजीवन सदस्य मनोज शाह की धर्मपत्नी स्व दया शाह के निधन पर शोक श्रद्धांजलि की गई। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष मनोज साह, महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी, संरक्षक गिरीश जोशी, स्व. नवीन चंद्र साह के पुत्र प्रगति साह, प्रबंधक विमल चौधरी, राजेंद्र बिष्ट, अशोक साह, राजेंद्र साह, मुकेश जोशी, मुकुल जोशी, हरीश राणा, आशू बोरा, मिथिलेश पांडे, हिमांशु जोशी, मोहित साह, गोधन बिष्ट, बिशन सिंह मेहता, प्रखर साह, प्रशस्ति साह, भीम सिंह कार्की, संतोष पांडे, गिरीश भट्ट, हीरा रावत, डीएसए के पूर्व महासचिव अजय साह समेत शानू साह, ललित साह व भूपेंद्र सिंह बिष्ट समेत विद्यालयों के गुरुजन व स्कूली बच्चे तथा अभिभावक उपस्थित रहे। संचालन नवीन पांडे एवं मीनाक्षी कीर्ति ने किया।

## युगमंच संस्था के सहयोग से खड़ी होली का आयोजन

**नैनीताल।** देवभूमि उत्तराखंड की होली गायन की समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाने हेतु विवि के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत की पहल पर कुमाऊँ विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन एवं डीएसबी परिसर नैनीताल में युगमंच संस्था के सहयोग से पहली मर्तबा खड़ी होली का आयोजन किया गया। इससे पूर्व कुमाऊंनी होली के पारंपरिक वेशभूषा में ढोल मजीरे की थाप पर राग-रागनियों पर आधारित पारंपरिक खड़ी होली के गायन के साथ होल्यारों पर खूब रंग चढ़ा। फ ाग का रंग एवं महिला व पुरुष समूहों ने वाद्य यंत्रों की जुगलबंदी के साथ कदमताल करते हुए ईश्वर को समर्पित पारंपरिक गीत गाए। इस अवसर पर कुलसचिव दिनेश चंद्रा, परीक्षा नियंत्रक डॉ0 महेंद्र सिंह राणा, उप कुलसचिव दुर्गेश डिमरी तथा सहायक कुलसचिव बृजमोहन सिंह, एल0डी0 उपाध्याय, भूपाल सिंह करायत, डॉ0 मोहित सनवाल, अभिराम पन्त तथा जगदीश चन्द्र समेत अलंकार महतोलिया,सुरेश चंद्र बिनवाल तथा अदिति खुराना आदि के साथ समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उद्यमिता उपक्रम एवं स्टार्टअप विषय पर विशेष कार्यशाला का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



कुमाऊँ विवि के रोजगारपरक अध्ययन एवं विकासोन्मुख शोध संस्थान की ओर से गुरुवार को महिला अध्ययन केन्द्र के सभागार में उत्तराखण्ड में उद्यमिता उपक्रम एवं स्टार्टअप विषय पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इससे पूर्व कार्यशाला का शुभारंभ वाणिज्य संकाय एवं व्यवसायिक प्रबन्ध आम्रपाली संस्थान हल्द्वानी के निदेशक डॉ0 दीप चन्द्र समेत आर0एन0 ठाकुर प्रेरक वक्ताए प्रशिक्षक व परामर्शदाता एवं निदेशक आई0पी0एस0डी0आर0 प्रो0 रजनीश पांडे द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस अवसर पर संस्थान के छात्र-छात्राओं द्वारा विश्वविद्यालय के कुलगीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गयी। इस अवसर पर डॉ0 दीप चन्द्रा द्वारा वर्तमान परिप्रेक्ष्य में छात्र-छात्राओं को उद्यमिता के क्षेत्र में राज्य में स्टार्टअप कर एक सफल उद्यमी बनकर विकास सम्बन्धी तथा केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा स्वरोजगार के क्षेत्र में चलायी जा रही योजनाओं का लाभ लेकर जीवन में निरन्तर उन्नति करने व समाज को आगे बढ़ाने को लेकर अपने विचार प्रस्तुत किये गये। इसी क्रम में प्रेरक वक्ता आर0एन0 ठाकुर ने कहा कि जीवन में यदि सफल होना है तो अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए उस कार्य में अपना शत-प्रतिशत योगदान देना चाहिए क्योंकि कोई भी व्यक्ति जिस कार्य को जितनी ईमानदारी से करेगा। वह उतना ही उस कार्य में पारंगत होगा फि र चाहे वह एक छात्र जीवन हो या फिर एक सफल उद्यमी के रूप में हो। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए प्रो0 रजनीश पांडे ने कहा कि राज्य में सरकार ने 2018 में स्टार्टअप नीति लागू की थी। इस नीति के तहत् शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को स्टार्टअप के लिए प्रोत्साहित करने पर फोकस किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र में वेंचर फंड बनेगा,कहा कि इससे नए उद्यमियों को निवेशक नहीं ढूंढने पड़ेंगे। कार्यशाला में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के साथ डॉ0 सारिका जोशी समेत डॉ0 वैशाली बिष्ट, डॉ0 मनोज सिंह बिष्ट, प्रदीप रौतेला, कान्ती तथा अनिल आदि उपस्थित रहे। कार्यशाला का संचालन डॉ0 प्रदीप जोशी द्वारा किया गया।

# फिल्मी दुनिया

## शाहरुख के ब्लॉकबस्टर जवान का बनने जा रहा है सीक्वल!



*बीता साल बॉक्स ऑफिस के लिए शानदार रहा। एक के बाद एक कई फिल्मों ने ताबड़तोड़ कमाई की। अकेले शाहरुख खान की तीनों फिल्में पठान, जवान और डंकी ने बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त कलेक्शन किया। इन तीनों फिल्मों में सबसे ज्यादा चर्चा साउथ के निर्देशक एटली द्वारा निर्देशित फिल्म जवान की रही। फिल्म ने कमाई के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। दुनियाभर में दर्शकों ने इसे पसंद किया। पहली बार शाहरुख और एटली जोड़ी ने साथ आकर एक ऐसी एक्शन थ्रिलर फिल्म बनाई, जिसने तूफान मचा दिया। दर्शक अब इस फिल्म के दूसरे पार्ट का इंतजार कर रहे हैं, जिसको लेकर निर्देशक एटली ने एक साक्षात्कार में बात की है। साक्षात्कार में एटली से जब जवान 2 को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, मैं अभी इसके बारे में निश्चित नहीं हूं, लेकिन मैं कुछ लिखूं रहा हूं और मुझे फैंस को हैरान में मजा आता है। जाहिर है कि हर फिल्म के सीक्वल का चांस होता है, लेकिन मैं हमेशा दर्शकों को अपने अलग-अलग कंटेंट से हैरान करना चाहता हूं, देखते हैं दर्शकों के लिए क्या सरप्राइज आता है।*

*एटली ने जवान में शाहरुख के साथ काम करने अपने अनुभव पर भी बात की। एटली ने कहा, उनके साथ काम करना शानदार था, वे बहुत मजेदार व्यक्ति हैं। अपने काम काम को लेकर भी वे बहुत पाबंद रहते हैं, साथ ही उन्हें यह भी बहुत अच्छे से पता है कि एक फिल्म कैसे बनाई जानी चाहिए। शाहरुख मेरे लिए सिनेमा की बाइबिल हैं।*

### एटली ने कहा...

*भविष्य में शाहरुख के साथ काम करने को लेकर एटली ने कहा, बिल्कुल इसमें कोई इनकार नहीं है। हम साथ में काम करेंगे, लेकिन कब और कैसे करेंगे यह सब शाहरुख सर के हाथ में हैं। फिलहाल एटली वरुण धवन के साथ वीडी 18 पर काम कर रहे हैं। इस फिल्म को एटली मुराद खेतानी के साथ मिलकर बना रहे हैं। गौरतलब है कि यह एटली के साथ वरुण की यह पहली फिल्म हैं। इस फिल्म से कीर्ति सुरेश अपना बॉलीवुड डेब्यू कर रही हैं, वहीं, वामिका गब्बी भी फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।*

# मोर क्रिएशन्स, मोर पॉसिबिलिटीज़ का अनावरण

**नैनीताल/हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

ग्लोबल मेजर अप्लायन्सेज़ ब्राण्ड हायर अप्लायन्सेज़ इंडिया ने भारत में अपनी स्थापना की 20वीं सालगिरह का जश्न मनाया। यह उपलब्धि उपभोक्ताओं के लिए इनोवेशन तथा 'मेक इन इंडिया' एवं 'मेड फॉर इंडिया' के लिए हायर की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

इस अवसर पर हायर इंडिया ने ओएलईडी और क्यूएलईडी टीवी, सुपर हैवी-ड्यूटी एयर कंडीशनर सीरीज़, किनोंची ब्लैक एयर कंडीशनर, वॉग एवं स्मार्ट कन्वर्टीबल रेफ्रिजरेटर्स, वॉशर और ड्रायर फ्रंट लोड मशीन, कमर्शियल रेफ्रीजरेशन सोल्युशन्स एवं कमर्शियल एयर कंडीशनर्स के लॉन्च के साथ अपनी प्रोडक्ट रेंज का विस्तार किया है। एनएस सतीश, प्रेज़ीडेन्ट, हायर अप्लायन्सेज़ इंडिया ने कहा, की इस उपलब्धि पर हमें गर्व है, जो उपभोक्ताओं, साझेदारों एवं कर्मचारियों के साथ हमारे गहरे रिश्ते को दर्शाती है। यहां नए दृष्टिकोण 'मोर क्रिएशन्स, मोर पॉज़िबिलिटीज़' का अनावरण भी किया है।

## 1416 कर्मियों को बताई मतदान प्रक्रिया की बारीकियां

**अल्मोड़ा।** लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही निर्वाचन आयोग मतदान प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए कार्मिकों को प्रशिक्षित करने में जुट गया है। दूसरे दिन 1416 मतदान कर्मियों को मतदान प्रक्रिया की बारीकियां बताई गई। नोडल कार्मिक सीडीओ आकांक्षा कोंडे ने कहा कि चुनाव को बोझ न समझकर कार्मिकों को अपने अनुभव के साथ इसे कुशलतापूर्वक अंजाम तक पहुंचाना होगा। एसएसजे परिसर के ऑडिटोरियम में 780 और उदय शंकर नाट्य अकादमी में 636 मतदान कर्मियों को ईवीएम और वीवीपैट का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में पहुंची नोडल कार्मिक सीडीओ आकांक्षा कोंडे ने कहा कि लोकसभा चुनाव को उत्सव के रूप में लेना होगा।

## News कॉर्नर

### पत्थरों से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर ट्रक पलटा

**नैनीताल ।** नगर के नैनीताल-कालाढूंगी रोड में बारापत्थर के समीप पत्थरों से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर बीच सडक़ में पलट गया। हादसे में ट्रक चालक मामूली रूप घायल हो गया। घायल ट्रक चालक को राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। जानकारी के अनुसार नैनीताल कालाढूंगी रोड से होकर पत्थरों से भरा ट्रक नैनीताल की ओर आ रहा था। जैसे ही वह बारापत्थर के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर सडक़ में ही पलट गया। हादसे की सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी और घायल चालक को इलाज के लिए बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया। एसएसआई पीएस मेहरा ने बताया कि यातायात बाधित न हो इसे देखते हुए क्रेन की मदद से ट्रक को हटाया गया।

### दूसरे दिन भी किसी ने नहीं किया नामांकन

**रुद्रपुर।** नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट पर चल रही नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन भी किसी प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल नहीं किया। यूकेडी प्रत्याशी समेत चार निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र के दो-दो सैट लिए हैं। नामांकन कक्ष में सुबह 11 बजे से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई, जो तीन बजे तक चली। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने चार प्रत्याशियों को नामांकन पत्र दिए। इनमें पंतनगर के आनंद सिंह असगोला ने यूकेडी के उम्मीदवार शिव सिंह रावत के लिए नामांकन पत्र के दो सैट, हिम्मतपुर तल्ला हल्द्वानी निवासी राकेश भट्ट ने निर्दलीय उम्मीदवार हितेश पाठक पुत्र कैलाश चंद पाठक के लिए दो सैट, निर्दलीय उम्मीदवार आनंद बिहार फेस-2 हल्द्वानी निवासी चंद्रशेखर तिवारी पुत्र हरीश चंद्र तिवारी ने दो सैट व नगला किच्छा निवासी सुरेंद्र सिंह पुत्र बिरेंद्र सिंह ने दो सैट लिए।

# गुनाहों की माफी का है रमजान का दूसरा अशरा

उत्तरांचल दीप

**सलीम खान, हल्द्वानी**

माहे रमजान में बढते रोजो के साथ मस्जिदो में इबादतो का दौर ओर भी तेज हो गया है। यहां बता दें,की 11 वें रोजे के साथ ही रमजान के दुसरे जुमे अशरे की शुरूआत हो गयी है. दूसरे अशरे की शुरूआत के साथ आज रमजान के दूसरे जुम्मे की नमाज भी अदा कि गई। जुमे में मीरा मार्ग जामा मस्जिद सहित 48 से अधिक मस्जिदों में जुम्मे की नमाज अदा कर खास दुआ मांगी गई। दूसरे अशरे में रोजेदार खुदा की इबादत कर अपने गुनाहों के लिए माफी मांगते हैं। इस्लाम धर्म में रमजान के इबादत भरे महीने को तीन हिस्सों में बांटा गया है रमजान के एक माह



को 10 -10 दिनो के रोजे के अनुसार पहला, दूसरा और तीसरा अशरा कहलाता है. इसमें पहला अशरा रहमत का होता है. दूसरा अशरा मगफिरत यानी गुनाहों की माफी का होता है और तीसरा अशरा जहन्नुम की आग से खुद को बचाने के लिए होता है। माहे रमजान में बढते रोजो के साथ मस्जिदो में इबादतो का दौर ओर भी तेज हो गया है. जानकारी के लिए बता दें, 11 वें रोजे के साथ ही रमजान के दुसरे जुमे अशरे की शुरूआत हो गयी है. दूसरे असरे की शुरूआत के साथ आज रमजान के दूसरे जुम्मे की नमाज भी अदा कि जायेगी. जुमे में जौहरी बाजार जामा मस्जिद सहित 300 से अधिक मस्जिदों में जुम्मे की नमाज अदा कर खास दुआ मांगी जायेगी.दूसरे अशरे में रोजेदार खुदा की इबादत कर अपने गुनाहों के लिए माफी मांगते हैं।

#### जानिए क्या होता है इसमें

इस्लाम के अनुसार रमजान के महीने को तीन हिस्सों में बांटा जाता है. रमजान के एक माह को 10 -10 दिनो के रोजे के अनुसार पहला, दूसरा और तीसरा अशरा कहलाता है। इसमें पहला अशरा रहमत का होता है। दूसरा अशरा मगफिरत यानी गुनाहों की माफी का होता है और तीसरा अशरा जहन्नुम की आग से खुद को बचाने के लिए होता है। माहे रमजान में बढते रोजो के साथ मस्जिदो में इबादतो का दौर ओर भी तेज हो गया है।

#### कुरान की तिलावत में बीत रहा है रमजान

रमजान के पाक मुकद्दस महीने के पहले 10 दिन गुरुवार को पूरे हो गए. नई बस्ती स्थित मस्जिद आस्ताना जहां गिरी के इमाम मुफ्ती मोहम्मद जाबिर ने बताया कि पहले अशरे में रोजे रखने और नमाज अदा करने वालों पर अल्लाह की रहमत बरसती है पहले अशरे में साथ ही नगर की मस्जिदों सहित कई जगहों पर तरावीह की नमाज अदा की जा रही है।

# ऊधमसिंह नगर जिले में साढ़े तीन हजार लाइसेंसी शस्त्र जमा

रुद्रपुर

**हमारे संवाददाता**

लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पुलिस की ओर जिले में अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। किसी भी तरह की अनहोनी से बचने के लिए लाइसेंसी शस्त्र भी जमा कराए जा रहे हैं। अब तक करीब साढ़े तीन लोगों के लाइसेंसी शस्त्र जमा भी हो चुके हैं।



बृहस्पतिवार को एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिले भर में पुलिस अलर्ट मोड पर है। अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए करीब 80 मुकदमे दर्ज किए गए हैं। 84 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लगभग 2800 लीटर से अधिक अवैध शराब बरामद की गई। अवैध शस्त्र कार्रवाई में 19 मुकदमे पंजीकृत कर करीब 16 चाकू, तीन तमंचे और तीन कारतूसों के साथ 19 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई में अब तक तीन केस दर्ज हुए हैं। इनमें 1002 ग्राम चरस, 16 ग्राम स्मैक व 332 कैप्सूल/इंजेक्शन बरामद कर तीन आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई की गई। एसएसपी ने 225 मामलों में 1824 व्यक्तियों के खिलाफ निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए उनके चालान किए और कुल 28 व्यक्ति पाबंद किए गए हैं। बताया कि कहा कि लाइसेंसी शस्त्र जमा की कार्यवाही जारी है। इसमें अब तक लगभग 3500 लाइसेंसी शस्त्र जमा किए गए। शस्त्र जमा करने की कार्यवाही जारी है। उन्होंने सभी से अपने-अपने लाइसेंसी शस्त्र जमा कराने को कहा। कहा कि अगर शस्त्र जमा नहीं कराए तो कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# जैव विविधता एवं संरक्षण पर ऑनलाइन व्याख्यान दिया

नैनीताल

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय के निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय प्री ललित तिवारी ने आज मदन मोहन मालवीय ट्रेनिंग संस्थान कुमाऊं विश्वविद्यालय में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रशिक्षण में जैव विविधता एवं संरक्षण पर ऑनलाइन व्याख्यान दिया । प्रो. तिवारी ने कहा की मानव भी जैव विविधता का एक भाग है । प्रो. तिवारी ने कहा की जैव विविधता जीवन है तथा जैव विविधता हमारा जीवन है जिसके हम आतंरिक भाग है । 2024की थीम बी पार्ट ऑफ़ द प्लान है जिससे कुनमिंग मांट्रियल ग्लोबल बायोडायवर्सिटी फ्रेम वर्क को लागू करना है । जैव विविधता जेनेटिक , स्पेसीज तथा इकोसिस्टम के साथ अल्फा , बीटा, गामा प्रकार की होती है ।पूरे विश्व को जहा जैव विविधता ऑक्सीजन एवम भोजन देते है वही 11प्रसिसत विश्व की अद्यर्थिकी जैव



विविधता पर निर्भर है ।भारत विश्व के 12देशों मै शामिल है जिसे मेगा डायवर्सिटी कंट्री कहते है जहा 16 प्रकार के वन मिलते है । प्रो तिवारी ने कहा की हिंदू कुश पर्वत से निकलने वाली दस बड़ी नदिया 3 बिलियन लोगो को भोजन तथा ऊर्जा देते है ।वर्तमान चुनौती जलवायु परिवर्तन तथा ग्लोबल वार्मिंग है जिससे प्रजातियां प्रभावित हो रही है। 22हजार से ज्यादा प्रजातियां संकटग्रस्त हो गई है। प्रो तिवारी ने कहा की यह सबकी जिम्मेदारी है की हम संरक्षण की तरफ कदम बढ़ाए तथा पर्यावरण संरक्षण में अपनी जिम्मदारियो का निर्वहन करना जरूरी है। प्री तिवारी ने कहा की हम पर्यावरण को संरक्षित ना करे बल्कि हमे ऐसा पर्यावरण बनाना है जहा पर्यावरण के लिए संरक्षण शब्द ही न हो ।इस दौरान 57प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## NEWS / फटाफट

### व्यापार मंडल अध्यक्ष ने की पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी से शिष्टाचार भेंट



**नैनीताल।** मां नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल के अध्यक्ष पुनीत टंडन ने नैनीताल के नव नियुक्त पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी से शिष्टाचार मुलाकात की गई। बता दें कि नैनीताल में पर्यटन अधिकारी की नियुक्ति लंबे समय के बाद हुई है। इस संबंध में व्यापार मंडल का मानना है की पर्यटन अधिकारी की भूमिका नैनीताल और पर्यटन के लिए अत्यंत जरुरी हो जाती है। उन्होंने पर्यटन अधिकारी से पर्यटन उत्थान और संबंधित मसलों पर वार्ता के दौरान नैनीताल में कमियाँ और उनकी पूर्ति के संबंध में भी चर्चा की साथ ही आगामी ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन में पर्यटक को एक अच्छे यादगार पल दे सकें और कुछ ऐसे कदम विभाग द्वारा करे जायें जो की नैनीताल की पर्यटन छवि में सुधार की तरफ दिशा दें।

### बकरी पालन पर प्रशिक्षण का आयोजन

**धारी।** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई)मुक्तेश्वर में 14 मार्च से 20 मार्च तक जन जाति उप योजना के अंतर्गत वैज्ञानिक बकरी पालन विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्थान के सयुक्त निदेशक डा. बी मण्डल रहे। इस 7 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में 30 पशुपालकों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण में बकरी का आवास प्रबंधन, खान- पान प्रबंधन, स्वास्थ्य प्रबंधन पर पशुपालकों को विस्तृत जानकारियां दी गई। इसके साथ ही साईलेज बनाने की वैज्ञानिक विधि, पशुओं के शरीर का तापमान लेने की विधि , पशु गोबर की जांच आदि जानकारियां दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संस्थान के सयुक्त निदेशक डा. बी मण्डल, मुख्य समन्वयक डा. मधुसूदन एपी, सह समन्वयक डा. चौहान, डा. अमोल गुरव, डा. अमीर समल, डा. नीतिश खड़ायत, डा. निधि शर्मा, डा. आशुतोष फुलर मौजूद रहे।



### सीएम धामी ने फुटबॉल खेल रहे युवकों से की बातचीत

**रुद्रपुर।** सीएम धामी ने शाम को लोहियाहेड पहुंचने पर मिनी स्टेडियम में फुटबॉल खेल रहे स्थानीय युवकों के मध्य पहुंचकर उनके साथ अनुभव साझा किए।

सीएम चारूबेटा स्थित शिव साईं मंदिर पहुंचे, जहां पूजा अर्चना के बाद पीलीभीत के पास हनुमान मंदिर में पूजा की। इसके बाद शाम को लोहियाहेड पहुंचने पर मिनी स्टेडियम में फुटबॉल खेल रहे स्थानीय युवकों के मध्य पहुंचकर उनके साथ अनुभव साझा किए। कहा कि युवा खिलाड़ियों के लिए खेल में भविष्य बनाने के लिए अनेकों योजनाएं शुरू की हैं।

# स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम

हल्द्वानी

**हमारे संवाददाता**

इंदिरा प्रियदर्शिनी राजकीय स्नातकोत्तर महिला वाणिज्य महाविद्यालय हल्द्वानी की नमामि गंगे इकाई द्वारा स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित ने कहा कि हमारी संस्कृति परम्पराओं से, विश्वास से, जीवन शैली से, आध्यात्मिक पक्ष से, भौतिक पक्ष से निरन्तर जुड़ी है। यह हमें जीवन का अर्थ, जीवन जीने का तरीका सिखाती है।

मानव ही संस्कृति का निर्माता है और साथ ही संस्कृति मानव को मानव बनाती है। इस प्रकार के आयोजनों से



हम अपनी संकृति से जुड़े रहते हैं। नोडल अधिकारी डॉ0 रितुराज पंत ने कहा कि संस्कृति हमारी पहचान को परिभाषित करने में मदद करती है और यह हमारे दैनिक जीवन का एक प्रमुख हिस्सा है। यह हमारी मान्यताओं और मूल्यों को आकार देने, हमारे व्यवहार को निर्देशित करने और एक दूसरे के साथ हमारी बातचीत को प्रभावित करने में मदद करता है। यह हमारी विरासत का भी एक प्रमुख हिस्सा है और हमारे अतीत से जुड़ाव और जुड़ाव की भावना प्रदान करता है। नमामि गंगे के अन्तर्गत चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत यह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुति दी और सांस्कृतिक छटा बिखेरी। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 ललिता जोशी ने किया। इस अवसर पर डॉ0 गीता पंत, डॉ0 रेखा जोशी, डॉ0 प्रभा साह आदि उपस्थित रहे।

# यूओयू के डॉ. राकेश रयाल बने मीडिया अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष

हल्द्वानी

**हमारे संवाददाता**

मीडिया अध्ययन एवं अनुसंधान संगठन (मास) की बैठक का बुधवार को आयोजन किया गया। इसमें ऑफलाइन और वर्चुअल माध्यम से प्रदेशभर से मीडिया संस्थानों के शिक्षक, बुद्धिजीवियों और शोधार्थियों ने प्रतिभाग किया। संस्था के उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए गुणवत्तापरक मीडिया शिक्षा, शोध के साथ ही समाज को जागरूक करने पर जोर दिया गया। साथ ही पत्रकारिता के विद्यार्थियों को निष्पक्ष पत्रकारिता और राष्ट्र हित में काम करने के लिए सही मार्ग दिखाने पर काम करने की बात प्रमुखता से



उठाई गई। मास की बैठक में कार्यकारिणी का गठन करते हुए सर्वसम्मति से उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश चंद्र रयाल को अध्यक्ष चुना गया है। जबकि, डॉ. विपिन चंद्रा उपाध्यक्ष और डीबीयूयू के शोधार्थी सुमित जोशी को महासचिव बनाने पर सभी शिक्षकों ने सहमति दी है।* साथ ही आगामी बैठक में पूर्ण कार्यकारिणी गठन का फैसला लिया गया है। उत्तराखंड के पहले मीडिया अध्ययन और अनुसंधान से जुड़े संगठन के अध्यक्ष डॉ. राकेश रयाल ने कहा कि मीडिया अकादमिकों और शोधार्थियों के संगठन की बेहद जरूरत है। मीडिया व्यक्ति के जीवन का अहम हिस्सा है। साथ ही इस क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को बढ़ावा मिलेगा। उपाध्यक्ष डॉ. विपिन चंद्रा ने कहा कि इस संगठन के माध्यम से सरकारी संस्थानों में पत्रकारिता एवं मीडिया जनसंचार के विशेषज्ञों के लिए जनसंपर्क अधिकारी के पदों को लेकर सुझाव दिया जाएगा, जिससे संबंधित विषय के बुद्धिजीवियों को रोजगार के के नए विकल्प मिले और सरकार की योजनाओं को प्रभावी तरीके से जनता तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि अभी राज्य में पत्रकारिता के क्षेत्र में शोध को आगे बढ़ाने की जरूरत है, इसके लिए जरूरी है कि इस संस्था के माध्यम से हम इस विषय में पोस्ट ग्रेजुएट कर रहे विद्यार्थियों को भी जोड़ें, जिससे सही समय पर सही मार्गदर्शन मिलने से उनका शोध के प्रति सही दृष्टिकोण स्थापित हो सके। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की शोधार्थी दीपिका नेगी ने कहा कि संस्था के माध्यम से पत्रकारिता क्षेत्र में आने के महिलाओं को प्रेरित किया जाएगा।